शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री भगवत झा आजाद) : (क) और (ख). दिल्ली के लिये एक अलग उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने के संबंध में एक प्रस्ताव दिल्ली प्रशासन से प्राप्त हुआ है। उस पर विचार किया जा रहा है और सरकार द्वारा उस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं किया गया है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

कच्छ से पाकिस्तान को प्रवजन

472. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अगस्त 1967 में छः परिवार अपने घरेलू सामान सहित ऊंटों पर सवार हो कर कच्छ छोड़कर पाकिस्तान चले गये हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इस बात की जांच की है कि वे किन कारणों से इस ढंग से पाकिस्तान चले गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनके प्रवास के क्या कारण ह और सरकार की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग). राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 6 व्यक्ति अपने गांव छोड़कर 1-8-67 को 35–40 ऊंटों को लेकर अपने सम्बन्धियों के साथ पाकिस्तान में रहने के लिये अपने गांव छोड़ गए। बाद में उनके परिवार भी जिनके सदस्यों की संख्या 12 थी 27 अगस्त, 1967 को पाकिस्तान चले गए। राज्य सरकार से और सूचना प्राप्त होने की प्रतीक्षा है।

Licences to Private Arms Dealers

473. SHRI RAM AVTAR SHARMA:
SHRI G. C. DIXIT:
SHRI LAKHAN LAL GUPTA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether any request has been received from the Madhya Pradesh Government seeking permission to issue new licences to the private Arms Dealers in Madhya Pradesh for the manufacture of muzzle loading guns for crop protection purposes;

(b) if so, when the request was received and

(c) the decision taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) Yes, Sir.

(b) In December 1966.

(c) The proposal is under the consideration of the Government of India.

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग में कार्य कर रहे चौकीदार

474. **श्री ओंकार सिंह** :
श्री कृ० मा० कौशिक :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, प्रदर्शनी स्थल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में कार्य करने वाले चौकीदारों को 12 घंटे कार्य करना पड़ता है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और संबंधित नियमों के अनुसार चौकीदारों के लिये निर्धारित काम का समय क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हां।

(ख) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, प्रदर्शनी स्थल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में केवल दो चौकीदार हैं। उन्हें बारी-बारी से अपनी ड्यूटी देनी होती है। सरकारी भवनों की देख-भाल करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा नियुक्त चौकीदारों के लिए ड्यूटी के घंटे निर्धारित करने के संबंध में कोई सामान्य नियम नहीं हैं। ड्यूटी के घंटे, नियुक्त चौकीदारों की संख्या, देख-भाल किए जाने